तापमान
अधिकतम 37 .0 डिग्री
न्यूनतम 15 .3 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, मंगलवार, 9 अप्रैल 2024



10 पांच किमी पुरुष वर्ग में रोहित बत्रा ने बाजी मारी





10 उभरते गायकों ने बिखेरा आवाज का जादू




## बेटे ने मां को हरिद्वार स्नान करवाने के बहाने ले जाकर कर दी हत्या

### मृतका का अपने लड़के से चल रहा था पॉपर्टी विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गांव ससौली निवासी 68 वर्षीय नीलम देवी की उसके लड़के राकेश, पुत्रवधू सुमन व पौते सागर ने हरिद्वार गंगा स्नान करवाने के बहाने उत्तराखंड में डालीपुर बांध के पास ले जाकर गल्ला दबाकर हत्या की थी। बाद में शव को नहर में फेंक दिया था। दो मार्च को सागर ने अपनी दादी की गुमशुदगी की रिपोर्ट फरकपुर पुलिस थाने में दर्ज करवाई थी। पुलिस ने जब शक के आधार पर सागर को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना गुनाह कबूल कर लिया। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि राकेश का अपनी मां नीलम से पॉपर्टी को लेकर विवाद था। जिसके बाद उन्होंने यह कदम उठाया।

- पुलिस ने आरोपी मृतक महिला के लड़के, पुत्रवधू व पौते के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर किया गिरफ्तार

जानकारी के अनुसार फरकपुर थाना प्रभारी जनक राज ने बताया कि दो मार्च को गांव सुढल निवासी सागर ने थाने में अपनी दादी नीलम देवी की लापता होने की शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत में सागर ने कहा था कि वह अपनी बुआ के पास अंबाला के दुखेड़ी में रहता है। जबकि उसका पिता राकेश व मां सुमन दहरादून में रहते हैं। उसकी अपनी दादी से 16 फरवरी को बात हुई थी। उसके बाद से उसका मोबाइल बंद आ रहा था। पुलिस ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर मामले की जांच की तो पता चला कि 18 फरवरी को आरोपी राकेश, सुमन व सागर गांव सुढल में आए थे। तभी से नीलम भी लापता थी। पुलिस ने शव के आधार पर जब सागर को थाने में पूछताछ के लिए बुलाया तो आरोपी ने अपना गुनाह कबूल कर लिया।

पुलिस पूछताछ में आरोपी सागर ने बताया कि उसके पिता राकेश का दादी नीलम के साथ पॉपर्टी को लेकर विवाद था। उसके पिता को शक था कि उसकी दादी गांव की पॉपर्टी बेचने के बाद उसे कुछ नहीं देगी। जिस पर उन्होंने गांव में आकर अपनी दादी को हरिद्वार गंगा स्नान करने के बहाने कार में उत्तराखंड के डालीपुर बांध के पास ले जाकर गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। जिसके बाद उसके शव को नहर में फेंक दिया। इस दौरान उत्तराखंड की बिकासनगर पुलिस को नहर से महिला का एक शव बरामद हुआ था। उसकी शिनाख्त न होने पर पुलिस ने उसका संस्कार करवा दिया था। फरकपुर पुलिस ने मामले में विकासनगर पुलिस से भी इसकी पुष्टि करवाई है। पुलिस ने मामले में तीनों आरोपियों के खिलाफ हत्या के आरोप में केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया।



यमुनानगर की फरकपुर पुलिस द्वारा पकड़े गए तीनों आरोपी।

### आरोपी तीन दिन के रिमांड पर

फर्कपुर थाना प्रभारी जनक राज ने बताया कि तीनों आरोपियों को तीन दिन के रिमांड पर लिया गया है। उनसे वारदात में प्रयोग कार व परना बरामद करना है। वारदात स्थल की निशानदेही कराई जानी है।

## ग्लोबल एक्सीलेंस अवार्ड से देश की महान शख्सियतें सम्मानित

करनाल। एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया एवं ह्यूमन राइट्स इंटरनेशनल फेडरेशन द्वारा करप्शन फ्री इंडिया अभियान को समर्पित ग्लोबल एक्सीलेंस अवार्ड समारोह का भव्य आयोजन राष्ट्रीय सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा के नेतृत्व में मनका रिसोर्ट में किया गया। जिसमें फिल्म अभिनेत्री संगीता बिजलानी ने चीफ सेलिब्रिटी गेस्ट के रूप में शिरकत की। अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रणजोध सिंह ने की। वीवीआईपी गेस्ट के रूप में पूर्ण चंद शर्मा, विशाल काठ, गौरव गाबा, अनिता अरोड़ा, मुख़्तार अंसारी, बृजभूषण बॉबी, बलविंदर कौर व राकेश सचदेवा ने शिरकत की, संगीता बिजलानी का पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। संगीता बिजलानी ने मंच के माध्यम से करप्शन फ्री इंडिया बनाने का सन्देश दिया। इस अवसर पर संगीता बिजलानी द्वारा देश की महान शख्सियतों जिनमें तरुण कपूर, वरुण कुमार गोयल, मीनाक्षी गोयल, राजेश गर्ग, सुंदरम राधाकृष्णन, पवन शर्मा, नीलम ठाकुर, मुहम्मद असकर, रजनी शर्मा, डॉ निशा गुप्ता, संदीप कुमार, पंकज गर्ग, आशुतोष चतुर्वेदी, राखी गर्ग, संजीव कुमार बंसल, पवन कुमार कंसल, सत नारायण गर्ग, सुनीता गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, बक्रिम चौधरी, पवन देवगन ठाकुर, अजीत राही, कृष्णा गुप्ता, सावी चौधरी, गोपी चंद, गंगाराम, शैलजा गुप्ता, डॉ गुरप्रीत कौर, पायल मत्तिल, फिरदौस अली, अधिवक्ता अनिल कुमार मलिक, कार्तिकेयन, ईशा चौधरी, सतीश मल्होत्रा, जयरामन, रोहित कौशल, अधिवक्ता योगेश अरोड़ा, अजय कुमार, उजमा साहब, अमित शुक्ला, मुहम्मद राशिद, विशाल भास्कर, विमल आदि को ग्लोबल एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। मौके पर भाटिया इवेंट्स के संस्थापक जोनी भाटिया व संदीप भाटिया को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

- अभिनेत्री संगीता बिजलानी ने मंच के माध्यम से करप्शन फ्री इंडिया बनाने का सन्देश दिया



अभिनेत्री संगीता बिजलानी सम्मानित करती हुई।

## तीन मंजिला मिठाई शॉरूम में लगी आग

### कपड़े व जूतों के शोरूम को भी चपेट में ले लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल में कुंजपुरा रोड पर तीन मंजिला मिठाई के शोरूम में अचानक आग लग गई। मिठाई की दुकान में रखे तीन गैस सिलेंडर भी ब्लास्ट हुए है। जिनकी धमक दूर दूर तक सुनाई दी। मिठाई के शॉरूम से सटे कपड़े व जूतों के दो अन्य शोरूम को भी आग ने अपनी चपेट में ले लिया। जिसके बाद आसपास के एरिया में अफरा तफरी मच गई। आग लगने के काफी देर बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। शॉरूम के बाहर खड़ी एक्टिवा बाइक भी जलकर राख हो गई।

- शॉरूम के बाहर खड़ी एक्टिवा बाइक भी जलकर राख हो गई

बताया जा रहा है कि मिठाई के शॉरूम के ऊपर ही हलवाई मिठाई बनाने का काम करते है और ऊपर ही हलवाई व अन्य लेबर सोती है। जब आग लगी तो उस वक्त लेबर ऊपर ही थी। बताया जा रहा है कि लेबर साथ वाली बल्डिगिं पर पहुंच गई और वहां से किसी तरह सुरक्षित नीचे कूद गई। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

### खंडहर में बदल गई मिठाई की दुकान

रात करीब 3 बजे आगजनी हुई। आग इतनी भयानक थी कि सारा सामान जलकर राख हो गया। शोरूम अब सिर्फ खंडहर में बदला हुआ है। दुकान के मालिक सिर्फ अपनी दुकानों को देखकर आंसू बहा रहे हैं। उनकी रोजी रोटी का साधन जलकर खाक हो चुका है। आगजनी का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि दुकानों के शटर भी पिघल चुके थे। जिनको फायर कर्मचारियों ने मुश्किल से तोड़ा और आग पर काबू पाने का काम शुरू किया। चूंकि आग तीसरी मंजिल तक पहुंची हुई थी, इसलिए फायरकर्मियों को लंबी लंबी सीढ़ियों का सहारा लेना पड़ा। जांच अधिकारी ने बताया कि रात को मिठाई के शॉरूम में आग लग गई थी। आग लगने के बाद मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंच गई थी और फायर की गाड़ियों ने आग पर पानी की बौछारे की और आग पर काबू पाया। करोड़ों रुपये के नुकसान का अंदाजा लगाया जा रहा है।

## ब्लैक फिल्म लगे बारह वाहनों के चालान किए

पानीपत। पानीपत पुलिस द्वारा 1 अप्रैल से 7 अप्रैल तक ब्लैक फिल्म की गाड़ियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान ब्लैक फिल्म लगी गाड़ियों के चलान कर कार्रवाई अमल में लाई गई। अभियान के तहत जिला पुलिस की विभिन्न टीमों द्वारा 12 ब्लैक फिल्म लगी गाड़ियों के चालान किए गए। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने बताया कि ब्लैक फिल्म लगाना यातायात नियमों के खिलाफ है। जिसके लिए हरियाणा पुलिस द्वारा 1 अप्रैल से 7 अप्रैल 2024 तक विशेष अभियान चलाया गया। इस संबंध में यातायात प्रबंधक व थाना प्रभारी व चौकी इंचार्जों को विशेष निर्देश दे दिए गए हैं। अगर कोई भी वाहन चालक अपनी गाड़ी पर ब्लैक फिल्म लगाए हुए मिलता है तो उसके खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए चालान किया जाएगा। यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। पुलिस अधीक्षक शेखावत ने कहा कि चालक गाड़ियों में काले शीशे नहीं लगवा सकते, क्योंकि ब्लैक फिल्म लगी गाड़ियों का इस्तेमाल आपराधिक कामों में हो सकता है। इसलिए गाड़ियों के शीशों पर काली फिल्म लगाना यातायात के नियमों के विरुद्ध है। इसके लिए विशेष अभियान चलाया गया है। इस अभियान के तहत पुलिस ने ब्लैक फिल्म लगी 12 गाड़ियों के मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान कर ब्लैक फिल्म उतारी गई है। एसपी शेखावत ने आमजन से यातायात के नियमों का पालन करने की अपील करते हुए कहा कि वे यातायात के नियमों का पालन जरूर करें उनकी अनदेखी न करें। इसके अलावा उन्होंने लोगों से यह भी अपील की है कि यदि आपको कोई भी पटाखा बाइक चालक बुलेट पटाखा बजाता या किसी गाड़ी पर ब्लैक फिल्म लगी मिले तो आप तुरंत इसकी सूचना डायल 112 पर दे सकते हैं।

- ब्लैक फिल्म लगाना यातायात नियमों के खिलाफ



पानीपत। कार में लगी काली फिल्म उतारते हुए पुलिस टीम।







## खबर संक्षेप

### कांग्रेस का घोषणा पत्र ख़ुशहाली का दस्तावेज

**करनाल।** कांग्रेस पार्टी ने अपने चुनाव घोषणा पत्र में समाज के हर वर्ग को न्याय दिलाने का संकल्प किया है जिसकी हर वर्ग में सराहना हो रही है यह कहना है कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं आल इंडिया किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता इन्दरजीत सिंह गोराया का। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र से सत्तारूढ़ बीजेपी पूरी तरह से बौखला गई है जिसका सबूत प्रधानमंत्री के भाषण में साफ़ नज़र आ रहा है प्रधानमंत्री मोदी का यह वक्तव्य की कांग्रेस के घोषणा पत्र में मुस्लिम लीग की तस्वीर नज़र आती है बहुत ही निंदनीय है।

### बौद्धिक संपदा का अधिकार विषय पर कार्यशाला लगाई

**करनाल।** पंडित चिरंजीलाल शर्मा,राजकीय महाविद्यालय, सेक्टर-14 करनाल में आईक्यूएसी के तत्वाधान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसका विषय "बौद्धिक संपदा का अधिकार" रहा। यह गतिविधि वाणिज्य विभाग और अर्थशास्त्र विभाग द्वारा डॉ सुरेन्द्र नागिया डॉक्टर नरेश कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ रेखा त्यागी ने इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ अशोक चौहान चेयरपर्सन अर्थशास्त्र विभाग कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र ने विस्तार से प्रकाश डाला।

### संदिग्ध हालातों में विवाहिता लापता, बोली जिंदगी खतरे में

**करनाल।** असंध से एक विवाहिता संदिग्ध हालातों में लापता हो गई। विवाहिता ने अपने पिता को वॉट्सअप पर एक मैसेज छोड़ा है, जिसमें उसने बताया है कि पापा मेरी जिंदगी खतरे में है। इस मैसेज के बाद से ही विवाहिता का फोन बंद आ रहा है। विवाहिता के पिता ने ईमेल के जरिये असंध थाना को शिकायत दी है। जिसमें उसने ससुराल पक्ष पर उसकी बेटी को दहेज के लिए प्रताड़ित करने और कोर्ट में झूठे मामलों में फंसाकर मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के आरोप लगाए है।

### तीन मंजिला शॉरूम में लगी भयानक आग

**करनाल।** करनाल में कुंजपुरा रोड पर तीन मंजिला मिठाई के शोरूम में अचानक आग लग गई। मिठाई की दुकान में रखे तीन गैस सिलेंडर भी ब्लास्ट हुए है। जिनकी धमक दूर दूर तक सुनाई दी। मिठाई के शॉरूम से सटे कपड़े व जूतों के दो अन्य शोरूम को भी आग ने अपनी चपेट में ले लिया। जिसके बाद आसपास के एरिया में अफरा तफरी मच गई। आग लगने के काफी देर बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।

### श्री शिव सनातन मंदिर स्थापना दिवस मनाया

**करनाल।** श्री शिव सनातन मंदिर सैक्टर 9 में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अपना स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। जिसमें मंदिर कमेटी के अलावा अनेक गणमान्य व्यक्तियों के साथ-साथ आम भक्तजनों ने भी भारी संख्या में हिस्सा लिया। मंदिर प्रांगण में चल रहे श्री रामायण पाठ का समापन हुआ। उसके उपरांत नारंग जागरण पार्टी द्वारा गाए गए भजनों ने समां बांधा। भोले बाबा, माता पार्वती एवं बजरंगबली जी की झांकी से उपस्थित श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। इसके अतिरिक्त हवन यज्ञ का आयोजन भी किया गया।

## मिशन ओरिएंटेशन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# मिशन बुनियाद करियर की ऊंचाइयों को देता है उड़ान

**बुनियाद लेवल थी परीक्षा एवं ओरिएंटेशन कार्यक्रम में 294 विद्यार्थियों ने भाग लिया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



हरियाणा स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से डा. मंगलसेन सभागार में जिला शिक्षा अधिकारी सुदेश ठुकराल के मार्गदर्शन एवं विकल्प फाउंडेशन के सहयोग से जिला स्तरीय बुनियाद उन्मुखीकरण कार्यक्रम एवं लेवल 3 की परीक्षा का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी जिला विज्ञान विशेषज्ञ दीपक वर्मा ने बताया कि बुनियाद लेवल थ्री परीक्षा एवं ओरिएंटेशन कार्यक्रम में 294 विद्यार्थियों ने भाग लिया जिन्होंने लेवल 2 की परीक्षा पास की थी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विकल्प फाउंडेशन के अध्यक्ष नवीन मिश्रा ने शिरकत की। उन्होंने कहा की बुनियाद के माध्यम से बच्चे अपने करियर की उड़ान भर लेते हैं। जिला शिक्षा अधिकारी सुदेश ठुकराल ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं अध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि यह सरकार की बड़ी महत्वपूर्ण योजना है जो विकल्प फाउंडेशन की ओर से चलाई जा रही है। बुनियाद कार्यक्रम के तहत शिक्षा विभाग की ओर से 9वीं कक्षा से ही बच्चों को जेईई व नीट की परीक्षा के लिए तैयार किया जाता है। एफएलएन जिला कोऑर्डिनेटर विपिन कुमार ने कहा कि इस प्रकार की योजनाओं से बच्चों के अंदर छिपी अपार प्रतिभाएं उभर कर सामने आती हैं। कार्यक्रम में बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। मिशन बुनियाद के डायरेक्टर प्रदीप सनसनवाल ने बताया कि जिला करनाल में बुनियाद के पांच केंद्र संचालित किया जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मिशन बुनियाद आपकी ऊंचाइयों को उड़ान देने का एक माध्यम है। मंच संचालन इशा चौधरी ने किया।

**कार्यक्रम में ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी सुदेश ठुकराल, पूर्व डीईओ राजपाल चौधरी, विकल्प फाउंडेशन के अध्यक्ष नवीन मिश्रा, मिशन बुनियाद के डायरेक्टर प्रदीप सनसनवाल, जिला एफएलएन कोऑर्डिनेटर विपिन कुमार, कार्यक्रम के नोडल अधिकारी दीपक वर्मा, जिला गणित विशेषज्ञ छत्रपाल, मीडिया समन्वयक दलीप सिंह, विकल्प फाउंडेशन जिला कोर्डिनेटर श्रवण, अरुण कैहरवा, बीईओ इंद्री मंजू सरदाना, बीआओ करनाल सीमा मदान, बीईओ बलजीत सिंह, प्रिंसिपल संदीप कौर, सरला सांगवान, एबीआरसी ईशा चौधरी, शैलजा गुप्ता, पूजा, निशा कांबोज, प्रीति, मनजीत सिंह, विनोद कुमार आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## श्रेष्ठ मेधावियों को दी शुभकामनाएं

- एमए पंजाबी प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने कुरुक्षेत्र विवि की मेरिट में पाया स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



गुरु नानक खालसा कॉलेज करनाल के एमए पंजाबी प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र में मेरिट में स्थान बनाकर कॉलेज का नाम रोशन किया है।

प्राचार्य डा. गुरिन्द्र सिंह ने बताया कि कॉलेज के होनहार छात्र अरविन्द कुमार ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में तीसरा तथा कॉलेज के ही छात्र हरविन्दर सिंह ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आठवां स्थान प्राप्त किया है। कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान स. कंवरजीत सिंह प्रिंस ने मेरिट में आए दोनों विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया और उन्हें कॉलेज से हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि कॉलेज पूर्व सांसद स्व. स. तारा सिंह जी के दिखाए मार्ग पर चलते हुए निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि कॉलेज के विद्यार्थी अत्यंत प्रतिभाशाली हैं। उन्हें अपने स्टाफ और विद्यार्थियों पर गर्व है। विद्यार्थियों ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता के साथ अपने प्राध्यापकों को भी दिया है। इस अवसर पर डा. जतिन्द्र पाल सिंह, डा. प्रवीण कौर, प्रो. डिंपल, प्रो. ऋतु कांबोज तथा डा. देवी भूषण उपस्थित रहे।



## निवेशक जागरूकता पर किया गया कार्यशाला का आयोजन

**घरौंडा।** राजकीय महिला महाविद्यालय बसताड़ा घरौंडा में प्राचार्य डॉ. महेंद्र सिंह बागी जी के कुशल निर्देशन एवं कार्यवाहक प्राचार्या श्रीमती कमलेश रानी के सहयोग से आई.पी.आर.सेल व वाणिज्य विभाग के समन्वयक प्रो नरेश सिंह एवं अर्थशास्त्र विभाग के समन्वयक डॉ. मीनू आनंद द्वारा निवेशक जागरूकता पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। डॉ महेंद्र सिंह बागी ने मुख्य वक्ता श्री विषवदीप जी ,सम्राट ट्रैनर ऑफ सेबी का स्वागत किया। मुख्य वक्ता विषवदीप जी ने अपने व्याख्यान में छात्राओं को विस्तारपूर्वक बताया कि निवेश क्यों करना है, कहाँ करना है और निवेश करते समय क्या-क्या सावधानियाँ रखनी चाहिए। निवेश करते समय बाजार का अध्ययन, बिना ज्ञान के निवेश नहीं, धैर्य पर ध्यान रखने पर जोर दिया। स्मार्ट निवेशक बनने के लिए धन का विविधीकरण से संबंधित जानकारी दी।

### पूरे प्रदेश की मंडियों में हड़ताल का ऐलान

**घरौंडा।** अनाज मंडी में गेंहू का सीजन शुरू होने के साथ ही मंडी मजदूरों ने पूरे प्रदेश की मंडियों में हड़ताल का ऐलान कर दिया है। मजदूरों का आरोप है कि उन्हें गेंहू उठान की पूरी मजदूरी नहीं मिलती। मजदूर यूनियन ने मंडी में गेंहू लिफ्टिंग की मजदूरी बढ़ाने की मांग करते हुए हड़ताल का अल्टीमेटम दिया है। घरौंडा मंडी में इक्कठे हुए मजदूरों ने मंडी एसोसिएशन के सामने अपनी शिकायते रखी। मजदूर यूनियन के प्रधान विरेन्द्र ने कहा कि सीजन के दौरान मंडी में बढ़ी संख्या में कबाड़ उठाने वाली महिलाए आती जिनके साथ अक्सर मजदूरों का विवाद होता है। ये महिलाए मजदूरों के खिलाफ कई बार झूठे गंभीर आरोप लगाकर पुलिस को शिकायत देती है।

## भक्ति से हर कार्य होता है संभव

- हैफेड डीएम उधम सिंह ने अपने स्वर्गीय पिता की याद में सेक्टर 32 धर्मशाला में एक कमरे के लिए 6 लाख देने की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



महाप्रभावी श्री घंटाकर्ण देवस्थान पर विशेष कृपा दिवस कृष्ण चौदस के उपलक्ष्य में मासिक श्रद्धालु संगम का आयोजन श्रद्धा-भक्ति, आस्था तथा समर्पण के मंगलमय वातावरण में संपूर्ण हुआ। सूर्योदय से भक्तों का कतारबद्ध आगमन शुरू हुआ जो देर सांझ तक अनवरत रूप से चलता रहा। सर्वप्रथम श्री घंटाकर्ण बीजमंत्र के सामूहिक जाप से दैवी शक्ति का आह्वान करते हुए लोकमंगल की कामना की गई। मुनि संयमेश, साध्वी जागृति, नितिन, राशि जैन, निशा जैन, रीटा जैन, पुष्पा गोयल, कर्मवीर चौहान, रानी जैन आदि ने सुमधुर भजनों से समां बांधा और श्री घंटाकर्ण देव का आह्वान करते हुए उनकी मंगलमय कृपा की याचना की। न देर है न अंधेर है यह तो कर्मों का फेर है आदि भजनों ने सभी को भक्ति में झूमने को मजबूर किया। भारत संत गौरव पीयूष मुनि जी महाराज ने अपने वक्तव्य में कहा कि भारतीय संस्कृति में भक्ति आत्मा को परमात्मा तक पहुंचाने का माध्यम है। भक्तिपूर्ण समर्पण से असंभव को भी संभव किया जा सकता है।

## कौम की एकता ही सबसे बड़ी एकता: महंत

- हैफेड डीएम उधम सिंह ने अपने स्वर्गीय पिता की याद में सेक्टर 32 धर्मशाला में एक कमरे के लिए 6 लाख देने की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



महंत ब्रह्मदास महाराज गद्दीनशीन मुख्य डेरा भूमणशाह (गांव भूमणशाह ) सिरसा ने कहा है कि कौम की एकता ही सबसे बड़ी एकता है, कौम में कोई कमजोर हो तो उसकी मदद कर उसे आगे बढ़ाना चाहिए। कौम का मान बढ़ने से हम सभी का मान बढ़ता है, वैसे तो हर कौम के शहीद सांझे होते हैं और हम सभी का मान करते हैं लेकिन देश की आजादी के नायक शहीद उधम सिंह जैसे शूरवीरों ने कांबोज कौम का नाम बढ़ाया है। महंत ब्रह्मदास महाराज सेक्टर 32 स्थित प्लाट नंबर छह स्थित धर्मशाला की आधारशिला रखने के बाद रेलवे रोड स्थित कांबोज धर्मशाला में समस्त कांबोज धर्मशाला कार्यकारिणी की ओर से आयोजित कार्यक्रम में प्रवचन कर रहे थे। मंच संचालन कांबोज धर्मशाला के महासचिव नरसिंह कांबोज ने किया। प्रधान विनोद कांबोज व कार्यकारिणी सदस्यों ने आंगुतकों का स्वागत किया। कार्यक्रम में बतौर अति विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री कर्ण देव कांबोज ने शिरकत की। हरियाणा रोडवेज भिवानी के महाप्रबंधक विक्रम कांबोज ने बतौर विशिष्ठ अतिथि अपने विचार रखे।

**शिक्षा पर दिया जोर**

मौके पर महंत ब्रह्मदास महाराज ने कौम के बच्चों का आह्वान किया कि वे पढ़ लिखकर अपने मां बाप का नाम रोशन करें। कार्यक्रम के अंत में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नि सुमन सैनी ने रेलवे रोड स्थित कांबोज धर्मशाला पहुंचकर करनाल लोकसभा प्रत्याशी मनोहरलाल और उपचुनाव में विधानसभा प्रत्याशी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के लिए समाज से वोट की अपील की। मौके पर उनके साथ निवर्तमान मेयर रेनू बाला गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा नेत्री मीना कांबोज, निर्मला बैरागी, भी मौजूद रहीं। कांबोज धर्मशाला के प्रधान विनोद कांबोज, महासचिव नरसिंह कांबोज,



## पीड़ित दुकानदारों को दो-दो करोड़ मुआवजा दे सरकार: त्रिलोचन सिंह

**करनाल।** शहर के मुख्य बाजारों में शामिल कुंजपुरा रोड मार्केट में दो से तीन दुकानों में भयंकर आग लगने से करोडों रुपए का सामान जल कर नष्ट हो गया। दुकानदारों को आगजनी की इस घटना से बहुत बड़ा सदमा लगा है। करनाल कांग्रेस के जिला संयोजक त्रिलोचन सिंह ने इस घटना पर दुख प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि यह बहुत बड़ा हादसा हुआ है। व्यापारियों की करोड़ों रुपए की सम्पत्ति और सामान जलकर स्वाह हो गए। देर रात दुकानों में अचानक आग लग गई थी। त्रिलोचन सिंह ने दुकानदारों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए सरकार से मुआवजे की मांग की है। उन्होंने कहा कि सरकार कम से कम दो-दो करोड़ रुपए मुआवजा पीड़ित व्यापारियों को दें। जिला प्रशासन हादसे के कारणों का पता लगाए। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल दुकानदारों को जल्द से जल्द मुआवजा देने के आदेश जारी करवाएं।

## शरीर की स्वस्थता को योग जरूरी

- विशेष प्राणायाम और ध्यान साधना शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



मेरा मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत योग के प्रचार की दिशा में अग्रसर होते हुए पंजाब के अमृतसर शहर में योग करवाया गया। मिशन प्रमुख दिनेश गुलाटी ने अपने अमृतसर प्रवास के दौरान वहां के लोगों को योग की शिक्षा दी। उन्होंने बताया कि तीन दिवसीय प्रवास के दूसरे दिन विशेष प्राणायाम और ध्यान साधना शिविर का आयोजन हुआ, जिसके अंतर्गत उन्होंने सत्र के दौरान ध्यान लगवाते हुए बताया कि परमात्मा तक पहुंचने का माध्यम है योग। होटल रमाडा में मौजूद इस योग एवम ध्यान शिविर में जेसीआइ एलुमनी क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंबु, जेसीआई के राष्ट्रीय निदेशक शेले चौधरी जेसीआई एलुमनी जोन 1 के चेयरमैन विनीत बंसल जेसीआई एलुमनी क्लब 10 के चेयरमैन नीरज मेहता वाइस चेयरमैन नन्दन चावला वाइस चेयरमैन कुलभूषण नारंग विशेष रूप से उपस्थित रहे।



## गांव-गांव में चल रही भाजपा की लहर: जगमोहन आनन्द


**करनाल।** कुरुक्षेत्र भाजपा के प्रभारी एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जगमोहन आनंद ने कहा कि आज गांव-गांव में भाजपा की लहर चल रही है। हर गली, नुक्कड़, चौक-चौराहो पर भाजपा की केंद्र ओर प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों की सराहना हो रही है। भाजपा की तीसरी बार सरकार बनने के बाद देश व प्रदेश नई बुलंदियों को हासिल करेगा। जगमोहन आनंद आज करनाल विधानसभा के गांव काछवा में एडवोकेट जगदीप सिंह के निमंत्रण पर उनके निवास पर रोड़ समाज के प्रमुख लोगों के साथ बैठक को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि दीपक कुमार, कलामपुरा के पूर्व सरपंच एवं रामनगर मंडल के महामंत्री बंसी लाल, जोगिंद्र प्रधान, बलविंद्र सिंह, जोगिंद्र सिंह, कृष्ण लाल, सुरेश चंद, सुभाष चंद, गजराज, बलकार, राजकुमार, चंद्रभान, महावीर, परमजीत एवं श्यामलाल शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## समस्याओं को देखते हुए नगर निगम आवारा पशुओं पर कस रहा शिकंजा

# आवारा पशुओं को पकड़ने का अभियान जारी

- क्षेत्रों से 12 गाय व 5 नंदियों को पकड़कर फूसगढ़ स्थित गोशाला व नंदीशाला में भेजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



**करनाल।** शहर में भटकते आवारा पशु को पकड़ती नगर निगम की टीम।

नगर निगम करनाल द्वारा शहर की सडक़ों पर भटकते आवारा पशुओं को पकडऩे का अभियान जारी है। इसी कड़ी में सोमवार को जोन नम्बर 1 के सैक्टर 5 तथा साथ लगते क्षेत्रों से 12 गाय व 5 नंदियों को पकडक़र फूसगढ़ स्थित गौशाला व नंदीशाला में भेजा गया है। यह जानकारी अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि सडक़ों पर आवारा पशुओं के कारण वाहन चालकों को दुर्घटना का भय भी बना रहता है। इस समस्या से निजात दिलाने के लिए मुख्य सफाई निरीक्षक सुरेन्द्र चोपड़ा के नेतृत्व में आवारा पशुओं को पकडऩे का अभियान चलाया गया है। उन्होंने बताया कि सडक़ों व गलियों में भटकती गाय व नंदियों को पकडक़र फूसगढ़ स्थित नगर निगम की गौशाला व नंदीशाला में रखा जाता है। वहां उन्हें समय पर चारा इत्यादि दिया जाता है। सुबह व सांय, दोनो समय घूमने-फिरने के लिए उनके परिसर में ही मौजूद खाली जगह पर खुले में छोड़ा जाता है। सभी की अच्छे से स्वास्थ्य देखभाल की जा रही है, इसके लिए पशुपालन विभाग से सेवानिवृत्त डॉक्टर की गौशाला में केयर टेकर के रूप में नियुक्ति की हुई है।

**लोगों से की सहयोग की अपील**

अतिरिक्त निगम आयुक्त ने पुनः डेयरी संचालकों व नागरिकों से अपील करते कहा है कि वह उपयोग के बाद अपने पशुओं को सडक़ों पर आवारा भटकने के लिए न छोड़ें, इससे शहर की सफाई व यातायात व्यवस्था में बाधा उत्पन्न होती है। उन्होंने बताया कि आवारा पशुओं को पकडने का अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा, इसके लिए सभी जोन इंचार्ज को निर्देश दिए गए हैं।



## कुलदीप सिंह को अध्यापक संघ का प्रधान चुना

**करनाल।** हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ की जिला कार्यकारिणी का गठन कर दिया गया है। सेक्टर 16 स्थित अंबेडकर भवन में हुई मीटिंग में सभी पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की गई। चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में दलबीर राठी, प्रेमपाल सिंह व जसविंद्र मौजूद रहे। सर्वसम्मति से कुलदीप सिंह को प्रधान चुना गया। बलवंत सिंह को वरिष्ठ उपप्रधान, महीपाल सिंह को सचिव, रामनिवास को खजांची, महेंद्र सिंह को सह सचिव, मान सिंह को संगठन सचिव, सुरेश कुमार को प्रचार सचिव, कृष्ण कुमार को ऑडिटर व बनारसी दास को सलाहकार बनाया गया। राज्य कार्यकारिणी सदस्यों में डा. करनैल सिंह व डा. ईश्वर सिंह को शामिल किया गया है। सदस्यों ने पदाधिकारियों को फूल मालाएं डालकर स्वागत किया। नई कार्यकारिणी ने ईमानदारी और निष्ठा के साथ संघ के लिए काम करने की शपथ ली। इस मौके पर मुकेश कुमार, सुरेश सिहमार, सुरेश डंकल, हुकम चंद, रामप्रकाश, देशराज, विनोद कुमार, डा. श्यामलाल, डा. अमित कुमार, दयालचंद, बलराज चहल, रमेश

**सार्वजनिक सूचना**

इस कार्यालय में कलावती विधवा सरदारा राम पुत्र श्री अजमेर सिंह निवासी गांव कलसी, तहसील नीलोखेडी, जिला करनाल ने कार्यालय नगरपालिका, नीलोखेड़ी में प्रार्थना पत्र दिया है कि प्रार्थी की जायदाद प्रोपर्टी आई. डी.नं. 7MAC97L7/P05400150239 स्थित हिस्सा मकान न. 11, डिटेंशन टैंक ऐरिया, नीलोखेड़ी, तहसील नीलोखेड़ी, जिला करनाल में स्थित है। प्रार्थी इस प्रोपर्टी में हिस्सा वारिस नामा के अनुसार उक्त प्रोपर्टी मृतक सरदारा राम के वारसान कलावती विधवा, अजय कुमार, विजय कुमार, किरण कुमार पुत्रान, नीलम पुत्री स्व. सरदारा राम के नाम करवाना चाहती है। अगर उक्त विषय बारे किसी को कोई भी एतराज है तो वह अपना एतराज मय सबूत लिखित रूप में 30 दिनों के अन्दर-2 कार्यालय नगरपालिका, नीलोखेड़ी में जमा करवा सकते हैं। इस अवधि उपरान्त कोई आपत्ति मान्य व स्वीकार नहीं होगी तथा इस अवधि के उपरान्त उक्त प्रोपर्टी आई.डी सबूतों के आधार पर इनके नाम कर दी जाएगी।

हस्ता/- सचिव
नगरपालिका, नीलोखेड़ी

## खबर संक्षेप

### चोरी की बाइक के साथ पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए श्री पुलिस टीम ने काला आंब मोड़ पर मनव्वर पुत्र महबूत निवासी गांव बराना जिला पानीपत को चोरी की बाइक सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए श्री प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि बाइक चोरी की उक्त वारदात बारे थाना किला में अंकित पुत्र रजिंत निवासी सनौली रोड, पानीपत की शिकायत पर अभियोग दर्ज है।

### मादक पदार्थ के साथ तस्कर पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए श्री पुलिस टीम ने मनाना मोड़ पर नशा तस्कर भारत पुत्र मांगेराम निवासी गांव मनाना जिला को 9 गांजा सहित गिरफ्तार किया। सीआईए श्री प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि पुलिस टीम ने नियमानुसार ड्यूटी मेजिस्ट्रेट समालख नायब तहसीलदार अशोक गौतम की मौजूदगी में आरोपी पर कार्रवाई की है।

### पुलिस ने धोखाधडी का आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** थाना शहर पुलिस ने हुडा सेक्टर छह में बने हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के फ्लैट को धोखाधड़ी से दूसरे को बेचने के मामले में नामजद तीसरे आरोपी संजय अरोड़ा निवासी शांति नगर को दिल्ली से गिरफ्तार किया। आरोपी संजय मामले में 6 साल से फरार चल रहा था। थाना शहर प्रभारी इंस्पेक्टर राजबीर ने बताया कि थाना शहर में नंद विहार कॉलोनी निवासी सतविंद्र पुत्र आत्मा सिंह की शिकायत पर वर्ष 2018 में केस दर्ज है।

### गाड़ी से कुचलने की चेष्टा में केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत के गांव राजाखेड़ी निवासी बलबीर मलिक ने सेक्टर 13-17 पुलिस थाना में शिकायत दी है। जिसमें उन्होंने बताया कि सेक्टर 18 से अपनी एक्टिवा पर सवार होकर वह कोर्ट में पेशी पर जा रहे था। इस दौरान एक स्कॉर्पियो गाड़ी से उन्हें कुचलने का प्रयास किया गया। शिकायत में बलबीर मलिक ने गांव गांजबड़ निवासी कुलदीप राठी व उसके भाई जयदीप राठी पर शक जताया है। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### मजदूरों ने रोष सभा की

**पानीपत।** सीटू से संबंधी इंडस्ट्रियल वर्कर्स यूनियन के नेतृत्व में स्पिनिंग उद्योग के मजदूर सरकार द्वारा तय न्यूनतम वेतन व श्रम कानून लागू करवाने की मांग को लेकर हाली पार्क में रोष सभा आयोजित करते हुए श्रम विभाग को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर 11 अप्रैल से पहले फैक्ट्री मालिकों के साथ समझौता वार्ता नहीं होती तो 12 अप्रैल को श्रम विभाग का घेराव करते हुए जिला उपायुक्त को अपनी मांगों बारे लिखित ज्ञापन पत्र सौंपेंगे। इस अवसर पर सीटू नेता नवीन सपड़ा, इंडस्ट्रिलय वर्कर्स यूनियन के जिला महासचिव जय भगवान, अखिल भारतीय किसान सभा के जिला प्रधान डॉ. सुरेंद्र मलिक और जिला सचिव राजपाल आदि उपस्थित रहे।

### नव संवत पर सुंदर कांड का पाठ होगा

**पानीपत।** श्री कृष्ण कृपा जीओ गीता सेवा समिति द्वारा श्री कृष्ण कृपा मंदिर सुखदेव नगर में बैठक का आयोजन किया गया। महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद के आशीर्वाद से सनातन नव वर्ष नव संवत 2081 दिन मंगलवार 9 अप्रैल को आर्य सेवा सदन मॉडल टाउन पानीपत में शाम को बजे से सुंदरकांड के मंगलमय पाठ के साथ हिंदू नव वर्ष के आगमन पर आयोजन किया जाएगा।

### वोट बनवाओ शिविर का शुभारंभ किया

**इसराना।** जिन युवाओं की आयु 18 साल आयु हो चुकी है। वह समय रहते अपनी वोट 24 अप्रैल से पहले पहले बनवा कर आने वाले चुनाव में वोट डालने के भागीदार बनें। एसडीएम ज्योति मित्तल ने इसराना के एन सी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत वोट बनवाओ शिविर का शुभारंभ किया। प्राचार्य डा.एनसी महेंद्रू, डा.संतलाल वर्मा, मेजर रामकुमार के साथ-साथ प्रबंधन कमेंटी के अन्य सदस्यों ने एसडीएम को गुलदस्ता देकर सम्मानित किया।

## आबकारी एवं कराधान आयुक्त ने निर्वाचन अधिकारियों के साथ बैठक की

# लोस चुनाव में शराब की तस्करी न होने दें पानीपत प्रशासन : मीणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत जिला सचिवालय में लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक करते हुए अधिकारीगण।

हरियाणा के आबकारी एवं कराधान विभाग के आयुक्त अशोक कुमार मीणा ने सोमवार को जिला सचिवालय में अवैध शराब की अवैध तस्करी पर प्रभावी रूप से रोक लगाने को लेकर बैठक की अध्यक्षता करते हुए निर्देश दिए कि लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत शराब की अवैध तस्करी के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है, जिसे जिलों में सख्ती से लागू करें। अन्य राज्यों से अवैध शराब के रूप में एक बोतल भी प्रदेश से नहीं गुजरनी चाहिए। परमिटशुदा शराब की आवाजाही के लिए प्रदेश भर में 45 रूट निर्धारित किये गये हैं। निर्धारित रूटों से ही अनुमतिशुदा शराब लेकर जा सकते हैं। अन्य किसी भी रूट पर शराब की आवाजाही मिलने पर वाहन और शराब को तुरंत सीज करें। इसके अलावा यदि कोई जिला इन निर्धारित रूटों के अलावा कोई रूट शामिल करवाना चाहता है तो वह इसके लिए लिखित में विभाग के पास मुख्यालय में उस रूट का विवरण पंहुचा दे ताकि उसे इन रूटों में भी शामिल किया जा सके। उन्होंने कहा कि बाहरी राज्यों से आने वाली अवैध शराब की रोकथाम के लिए ट्रांजिट स्लिप की व्यवस्था की गई है, जिसकी सहायता से सरलता से अवैध शराब की पहचान हो सकती है, यहां तक की शराब की बोतलों पर क्यूआर कोड के माध्यम से उसका पूरा विवरण चल सकेगा। एंट्री प्वाईंट पर ट्रांजिट स्लिप की जांच अवश्य करें, जिसमें हर प्रकार की आवश्यक जानकारी मिलेगी। इसके लिए पैंतालीस रूट बनाए गए हैं। यदि एक भी जानकारी अथवा रूट की अनुपालना न मिले तो तुरंत सख्त कार्रवाई करें। एफएसटी तथा एसएसटी के माध्यम से नियमित तौर पर जांच करें। एसएसटी व एफएसटी के साथ जीएसटी अथवा एक्साईज के एक अधिकारी की ड्यूटी रहेगी। उन्होंने निर्देश दिए कि एफएसटी व एसएसटी टीमें चैकिंग के लिए कोई एक स्थान निर्धारित न करें। वे अपनी जगह बदलते रहें। उन्होंने कहा अवैध शराब पर पूर्ण लगाम के लिए राजस्व तथा एक्साईज और पुलिस विभाग को बेहतरीन तालमेल के साथ कार्रवाई करनी होगी। अवैध शराब को लेकर चुनाव आयोग बेहद गंभीर है। इसके लिए विभाग ने क्यूआर कोड की व्यवस्था की है, जिसके माध्यम से उत्पादन तिथि, रवानगी, होलसेल व रिटेलर इत्यादि की पूर्ण सूचना प्राप्त की जा सकती है। चौबीस घंटे कैमरे से निगरानी की व्यवस्था की गई है। ऑनलाइन सिस्टम से परमिट की जानकारी ली जा सकती है। मिसमैच मिलने पर फौरन कड़ी कार्रवाई करें।

### सूचना तंत्र को ग्रामीण स्तर पर मजबूत करें

अशोक मीणा ने कहा कि अवैध तथा नकली शराब की आवाजाही को लेकर ग्रामीण स्तर तक कम्यूनिकेशन प्लान बनाएं और इसे मजबूत भी करें। इसमें सरपंच, पटवारी, नम्बरदार व गांव के मौजिज लोगों का सहयोग लें। उन्होंने कहा कि कई बार देखने में आया खण्डर पड़ी पुरानी ईमारतों में शराब का उत्पादन कर इसे सप्लाई भी किया जाता है जिससे कई बार मौत भी हुई है। इसलिए ऐसी खण्डर ईमारतों को भी चैक करें। अवैध तथा नकली शराब पकड़ने के लिए ह्यमन इंटेलिजेंस को सुदृढ़ करें। बैठक में उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डा. वीरेंद्र दहिया एवं पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने आबकारी एवं कराधान आयुक्त अशोक कुमार मीणा को आश्वस्त किया कि उन द्वारा प्राप्त दिशा-निर्देशों की पूर्णत अनुपालना की जाएगी और पानीपत में अवैध शराब की किसी भी प्रकार की आवाजाही नहीं होने दी जाएगी। इसके लिए नाका लगाये गये हैं, जिन पर पुलिस मुस्तैद है। एफएसटी व एसएसटी टीमों की भी सक्रियता बढ़ाई जाएगी। सभी अधिकारी समन्वय स्थापित कर गम्भीरता के साथ काम करेंगे। बैठक में पानीपत एसडीएम मनदीप कुमार, समालखा एसडीएम अमित कुमार, सीईओ जिला परिषद गौरव कुमार, सीटीएम टिनू पोशवाल व सभी उप पुलिस अधीक्षक, डीईटीसी आबकारी और डीईटीसी कराधान सहित अन्य सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।


पानीपत। विधायक प्रमोद विज व ओपी रानोलिया विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए।

# खेलों से युवाओं में बढ़ती है संघर्ष करने की शक्ति

- रोटरी पानीपत मिड टाउन में बैडमिंटन और टेबल टेनिस प्रतियोगिता विजेता पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

रोटरी पानीपत मिड टाउन में बैडमिंटन और टेबल टेनिस की खेल प्रतियोगिता का रोटरी स्पोर्ट्स हॉल मॉडल टाउन में आयोजन किया गया। रोटरी मिड टाउन के स्पोर्ट चेयरमैन संजय कटारिया की देखरेख में तीन दिवसीय प्रतियोगिता में 400 से अधिक 11 वर्ष से 70 वर्ष के प्लेयर ने भाग लिया। वहीं तलवार इलेट्रॉनिक के मलिक मुकेश तलवार द्वारा सभी बच्चों को स्पेशल प्राइज दिया गया। प्राइज डिस्ट्रीब्यूशन के मुख्य अतिथि विधायक पानीपत शहर प्रमोद विज रहे। सभी मेंबर द्वारा प्रमोद विज का बुके और फूल माला से स्वागत किया। प्रमोद विज ने कहा की इस तरह की खेल प्रतियोगिता का समय-समय पर आयोजन होता रहनी चाहिए। इससे खिलाड़ियों को शारीरिक और मानसिक दोनों लाभ मिलते हैं। अंडर 11 गर्ल्स विनर नमन गोयल, रनर आर्य वीर, अंडर 13 गर्ल्स विनर यशवी सैनी, रनर आराध्या, अंडर 13 बॉयज विनर युवराज, रनर ट्रीजल। डबल विनर रोहन और करण, रनर पृथ्वी और अभय। अंडर 15 बॉयज विनर निकुंज, रनर मानव। जबकि अंडर 15 गर्ल्स विनर यशवी, रनर अभिसारी, गर्ल्स डबल विनर यशवी और अभिसारी रनर नदाब और आसमी, गर्ल्स 17 विनर यशवी, रनर आशावी रहे। इस अवसर पर राहुल विज, आसीमा विज, रोटरी क्लब सेक्टरी राजेश नंदा, सुरेंद्र शर्मा, सतीश महाजन, अनिल खुराना, ओम प्रकाश रानोलिया, मनहोर सतेंया, विनोद रहेजा, नीरज पाहवा, नीरज सायल, दीपक बजाज, भूपिंद्र नांदल, नीरज अग्रवाल, सहदेव विज, विपिन शर्मा, सतीश मुटनेजा, पंकज शर्मा, अजेश गोयल, गौतम आर्य, मुकेश मदान आदि मौजूद रहे।

# वीणा गोयल बनी लाइनेस क्लब की जिलाध्यक्ष



लाइनेस क्लब की इंस्टालेशन सेरेमनी अयांश में शिकरत करते हुए पदाधिकारीगण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

ऑल इंडिया लाइनेस क्लब जिला डीएचसी-वन ओजस्विनी की ओर से 2024-2025 का इंस्टालेशन सेरेमनी अयांश का आयोजन पानीपत के अर्बन विलेज में किया गया। जिसमें नवनियुक्त डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट वीणा गोयल की ताजपोशी हुई । कार्यक्रम मुख्य अतिथि अर्चना अग्रवाल चार्टर्ड प्रेसिडेंट, ऑल इंडिया लाइनेस क्लब रही।

कार्यक्रम में डॉक्टर उषा सेक्रेटरी एवं पायल गोयल कैशियर के पद की शपथ ग्रहण की। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना से हुई। इसमें कुल 19 क्लब की 170 मेंबर उपस्थित रहे। नवनियुक्त डिस्टिक प्रेसिडेंट ने कहा कि हमारा क्लब सामाजिक कार्यों को करने के लिए प्रतिबद्ध है और वह पूरी निष्ठा से अपना कार्य करेगी। इस दौरान इंदु मेहता, मीनू मिश्रा, मनीषा शर्मा, ममता अग्रवाल, शशि कुथुलिया, नेहा अग्रवाल, शोभा, सिंगल, डॉ कालिंदी आदि उपस्थित रहे।

# देशबंधु गुप्ता कालेज की शिवानी केयू में प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


पानीपत। देशबंधु राजकीय कॉलेज में मेधावी विद्यार्थी अपने टीचर्स के साथ।

देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय के इतिहास विभाग के विद्यार्थियों ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की मेरिट में आने नाम दर्ज किए है। वहीं प्राचार्य संजू अबरोल ने बताया कि महाविद्यालय में पहली बार एमए इतिहास विषय ओपन हुआ। जिसमें 7 की जगह 2 ही अध्यापक हमारे पास हैं एसोसिएट प्रो. दलबीर सिंह और ग्रीनमैन सहायक प्रो. दलजीत कुमार। दोनों प्रोफेसरों का मार्गदर्शन और विद्यार्थियों की कठिन मेहनत का फल ये शानदार रिजल्ट है। उन्होंने बताया कि परीक्षा परिणाम में एमए प्रथम समेस्टर में छात्रा शिवानी ने 397/500 अंक से केयूके में प्रथम, एमए प्रथम समेस्टर की खुशबू ने 358/500 अंक के साथ आठवां, वर्षा ने महाविद्यालय में 348/500 अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं एमए इतिहास प्रथम समेस्टर में महाविद्यालय के 17 विद्यार्थियों ने 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। इतिहास विभाग के प्रो.दलजीत कुमार ने बताया कि प्रथम समेस्टर के साथ साथ एमए तृतीय समेस्टर में इतिहास विषय की छात्रा मीना ने 373/500 अंक से महाविद्यालय में प्रथम और केयूके में चौथा, मीना गत वर्ष प्रथम समेस्टर में 340/500 अंको के साथ केयूके में चौथा और दूसरे समेस्टर में 368/500 के साथ प्रथम स्थान, इतिहास विभाग की तृतीय समेस्टर की छात्रा सिखा ने 353/500 अंको के साथ महाविद्यालय में दूसरा और केयूके में आठवां, तृतीय समेस्टर की छात्रा अक्षमा ने महाविद्यालय में 344/500 अंको के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

# हरियाणा में कांग्रेस की ऐतिहासिक जीत तय


सचिन कुंडू ।

- खाली पड़े 2 लाख से ज्यादा पदों पर पक्की, पारदर्शी और समयबद्ध भर्ती करना कांग्रेस का मकसद

**पानीपत।** युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सचिन कुंडू ने दावा किया कि हरियाणा में लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की ऐतिहासिक जीत होगी। वही, उन्होंने सांसद दीपेंद्र हुड्डा द्वारा जारी किए गए भर्ती विधान की जमकर सराहना करते हुए कहा कि युवा भागीदारी न्याय के तहत हरियाणा के अलग-अलग विभागों में खाली पड़े 2 लाख से ज्यादा पदों पर पक्की, पारदर्शी और समयबद्ध भर्ती करना कांग्रेस का मकसद है। इसके लिए पार्टी द्वारा बाकायदा भर्ती विधान जारी किया जाएगा। सचिन कुंडू ने बताया कि भर्ती विधान के अनुसार सबसे पहले युवाओं को योग्यता अनुसार नौकरी देने के लिए मौजूदा सरकार में जड़ जमाए बैठे पेपर लीक और नौकरियों को बेचने वाले माफिया का सफाया किया जाएगा।

# रिफाइनरी में खेलकूद के विजेता पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। पानीपत रिफाइनरी में विजेता खिलाड़ी प्रसन्न मुद्रा में। फोटो :हरिभूमि

खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अपनी अनूठी परंपरा को जारी रखते हुए पानीपत रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स (पीआरपीसी) ने सभी आयु वर्ग के कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों के लिए तीन दिवसीय वार्षिक एथलेटिक्स स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया। रिफाइनरी में खेलकूद में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। यह आयोजन पीआरपीसी ने अपने मिनी स्मार्ट सिटी के फुटबॉल ग्राउंड में हुए। इंद्रधनुष के सात रंगों से सुसज्जित विभिन्न हाउस के तहत खेलने वाले सभी खिलाड़ियों जिसमे पीआरपीसी के चार हाउस और पानीपत मार्केटिंग कॉम्प्लेक्स, नॉर्दर्न रीजन पाइपलाइन लिमिटेड और बिजनेस डेवलपमेंट ग्रुप के एक-एक हाउस ने, उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने चुनौतीपूर्ण प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि के रूप में श्री एम. एल. डहरिया, कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख, पीआरपीसी, एसके कनौजिया, कार्यकारी निदेशक (एनआरपीएल), पीआरपीसी के मुख्य-महाप्रबंधकगण, महाप्रबंधकगण, संबंधित वरिष्ठ अधिकारी, आईओओए और आईपीआरईयू के पदाधिकारी तथा एनआरपीएल, पीएमसी और बीडी समूह के वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

### नर्स पूनम सिंगला का मोबाइल छीना

**पानीपत।** पानीपत में गांधी कॉलोनी से रेलवे स्टेशन वाले रोड पर एक निजी अस्पताल की कर्मी पूनम सिंगला से मोबाइल फोन छीन लिया। पूनम अपने मोबाइल फोन का बात करते हुए पैदल जा रही थी। इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक पर वहां दो बदमाश आए और पीछे बैठे युवक ने हाथ पर झपटा मारा और युवती का मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गए। पूनम की शिकायत पर थाना मॉडल टाउन पुलिस ने अज्ञात दो युवकों पर स्नेचिंग के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मतदान बढ़ाने को एनजीओ की मदद लेंगे

**पानीपत।** लोकसभा के आम चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर प्रशासन पूरी तरह से गंभीर है। इस बार के लोकसभा चुनाव में जिन विधान सभा क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत पिछली बार कम रहा था उसमें बढ़ोतरी की जाएगी।

# उत्सव की तरह मनेगा बैसाखी पर्व

- गंगानगर से भाई अरुण भयाना व अन्य रागी जत्थे अपने सत्संग से साध संगतों

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


पानीपत। वैसाखी पर्व को लेकर जानकारी देते हुए विधायक विनोद भयाना व राकेश भयाना आदि। फोटो :हरिभूमि

डेरा बाबा जोध सचियार के प्रधान सेवक व हांसी से विधायक विनोद भयाना बैसाखी पर्व की तैयारी का जायजा लेने पानीपत पहुंचे। उन्होंने कहा कि सर्वसांझीवालता के प्रतीक धन धन बाबा जोध सचियार साहिब जी की याद में जीटी रोड पानीपत डेरा बाबा जोध सचियार में हर वर्ष बैसाखी पर्व को उत्सव की तरह मानते हैं। उन्होंने कहा कि बैसाखी पर्व पर रागी जत्थे कीर्तन एसत्संग व कवि दरबार द्वारा साध संगतों को निहाल करते हैं। प्रधान सेवादार ने कहा कि इन तीन दिनों तक लगातार लंगर चलता है। विनोद भयाना ने बताया कि पाकिस्तान के बंटवारे के समय से पहले जिला मुल्तान जोधपुर में हमारे पूर्वज बाबा जी की याद में त्योहार मनाते थे। बंटवारे के बाद पानीपत में बाबा जी की समाधि की स्थापना हुई तब से लगातार 13,14 व 15 अप्रैल को बैसाखी का पर्व धूमधाम से मनाते आ रहे हैं। भयाना ने जानकारी दी कि पावन पर्व पर साध्वी करुणा गिरी, गंगानगर से भाई अरुण भयाना व अन्य रागी जत्थे अपने सत्संग से साध संगतों को निहाल करेंगे। इस अवसर पर सरपरस्त रामनाथ भयाना, सहसचिव राकेश भयाना, कैशियर वेद बठला, कार्यकारणी सदस्य कमल भयाना, अरुण भयाना आदि मौजूद रहे।

### विद्यार्थियों का कंपनी में चयन

**पानीपत।** राजकीय बहुतकनीकी जाटल में शुक्रवार को संयुक्त कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित कि गई। जिसमें बीएमआर इक्विपमेंट मैनुफैक्चरिंग प्राइवेट लिमिटेड और नेक्टर लाइफ साइंस प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि पहुंचे। संस्थान के इलेक्ट्रिकल और मेकेनिकल इंजीनियरिंग डिप्लोमा के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में हिस्सा लिया। जिसमें 30 विद्यार्थियों का चयन हुआ। प्रधानाचार्य राजीव नरवाल और प्लेसमेंट अधिकारी जसबीर सिंह ने चयनित विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य का आर्शीवाद किया।

### ऑटो रिक्शा चालक के समर्थन में आई यूनियन

**पानीपत।** पानीपत के पालिका बाजार के सामने रविवार की शाम को ऑटो चालक अकरम ने ट्रैफिक पुलिस से कथित रूप से परेशान होकर खुद पर डीजल छिड़ककर आग लगा ली थी। ऑटो चालक 60 फीसदी झुलस गया। जिसे सिविल अस्पताल से रोहतक पीजीआई रेफर किया गया है। जहां वह उपचाराधीन है। वहीं, पानीपत ऑटो यूनियन भी पुलिस के विरोध में उतर आई है।

### पानीपत से युवक लापता हुआ

**पानीपत।** पानीपत के मॉडल टाउन निवासी मनीष पुत्र बीकानंद काम के लिए घर से निकला और संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। मामले का खुलासा उस वक्त हुआ, जब बेटे मनीष से मिलने पिता बीकानंद दुकान पर पहुंचे तो पता चला कि मनीष तीन दिन से काम पर नहीं आ रहा है। इसके बाद उसे मोबाइक पर कॉल की, लेकिन उसने जबाब नहीं दिया।

**न्यायालय तहसीलदार कम-सब- रजिस्ट्रार पानीपत।**

राजीव चोपडा पुत्र स्व. श्री कृष्ण कुमार चोपडा निवासी मकान नं. 559-एल, मॉडल टाउन, पानीपत

बनाम

जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास का सूचित किया जाता है कि राजीव चोपडा पुत्र स्व. श्री कृष्ण कुमार चोपडा निवासी मकान नं. 559-एल, मॉडल टाउन पानीपत ने एक दस्तावेज मृतक के वारिसों के सम्बन्ध में पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है:- कि प्रार्थी की माता स्व. श्रीमती बिमला चोपडा पत्नी स्व. श्री कृष्ण कुमार चोपडा की मृत्यु दिनांक 17/08/2014 को हो चुकी है। प्रार्थी की माता स्व. श्रीमती बिमला चोपडा पत्नी स्व. श्री कृष्ण कुमार चोपडा के देहान्त के बाद निम्न वारिस/उत्तराधिकारी हैं:-

1. राजीव चोपडा पुत्र, 2. निशी गम्भीर पुत्री, व 3. ऋतु पाहवा पुत्री ही वारिस हैं, इनके अलावा अन्य कोई वारिस ना है। वारसान की तसदीक राजीव नम्बरदार, नूरवाला, पानीपत की रिपोर्ट व हल्का पटवारी की रिपोर्ट दिनांक 05/04/2024 अनुसार हो चुकी है।

इनके इलावा मृतक स्व. श्रीमती बिमला चोपडा पत्नी स्व. श्री कृष्ण कुगार चोपडा का अन्य कोई वारिस / उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बंध में प्रार्थी ने शपथ पत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार/नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस/उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो वह स्वयं अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-2 उपरोक्त कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 08-04-2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/-तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार, पानीपत।


पानीपत। आर्य कॉलेज में विदाई समारोह में प्राचार्य डा.जगदीश गुप्ता को सम्मानित करते विद्यार्थी ।

# मिस व मिस्टर फेयरवेल का खिताब वंशिका व कुशल ने जीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आर्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रसायन विभाग के तत्वावधान में बीएससी तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विभाग के जूनियर्स ने अपने सीनियर्स को यादगार विदाई दी। जूनियर्स ने अपने सीनियर्स के लिए द्वारा बहुत ही उम्दा प्रस्तुतियां प्रस्तुत की। प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने अंतिम वर्ष के सभी विद्यार्थियों लिए उज्वल भविष्य की कामना की व विभाग के सभी प्राध्यापकों को समारोह के शानदार आयोजन के लिए बधाई दी। मिस फेयरवेल का खिताब वंशिका ने जीता, मिस्टर फेयरवेल कुशल को चुना। ऑल राउंडर का खिताब शुभम को मिला। पर्ल ऑफ द इवनिंग खुसबू रही तो वहीं स्टार ऑफ द इवनिंग भविष्य रहा। बेस्ट परफॉर्मेंस का खिताब ऋषभ को मिला। चार्मिंग पर्सनैलिटी का खिताब नेहा को मिला। मिस गॉर्जस खुशी को चुना गया। मिस्टर बेस्ट कास्टूम का खिताब सचिन तो मिस बेस्ट कास्टूम साक्षी को दिया गया। इस अवसर पर डॉ.अनिल कुमार, सुदेश, प्रो.सीखा गर्ग, डॉ. शिव नारायण, प्राध्यापिका साक्षी सैनी, डॉ. सत्य श्री, चित्राशं, शशी रोहिला, विकास, अंकित, आरती आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### देशी पिस्टल व दो रौंद सहित गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज फायर कर हत्या के प्रयास के मामले में सीआईए-शहजादपुर ने आरोपी मंयक को देशी पिस्टल व दो रौंद सहित गिरफ्तार किया है। कांसापुर के गुरनाम सिंह ने 4 मार्च 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी ने पिस्टल से फायर कर उसका व उसके परिवार के सदस्यों की हत्या का प्रयास करने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### फायर करने के मामले में आरोपी काबू

थाना सेक्टर-9 में दर्ज ईंटो से हमला करने व जान से मारने की नीयत से बंदूक से फायर करने के मामले में पुलिस ने आरोपी विपिन को गिरफ्तार किया है। इस मामले में सात आरोपी पहले गिरफ्तार हो चुके हैं। परशुराम कॉलोनी के प्रदीप कुमार ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी रोहित उर्फ गुल्लू, गौतम उर्फ गुडडू व अन्य ने 3 मार्च 2024 को उसके घर पर ईंटों से हमला करके तथा जान से मारने की नीयत से बंदूक द्वारा फायर करके जान से मारने की धमकी देने का अपराधिक कार्य किया हैं। इस शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया था।

### 184 बोतल शराब सहित आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना पड़ाव क्षेत्र से अवैध शराब की तस्करी के मामले में सीआईए-1 ने आरोपी अमन उर्फ वासू को अपनी कार में रखी (184 बोतल) शराब सहित काबू किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी शराब की अवैध तस्करी का कारोबार करता है। इसी आधार पर पुलिस ने तुरंत रेड कर आरोपी को काबू किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने एक्साइज एक्ट के तहत केस भी दर्ज किया है।

### दुराचार के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज शादी का झांसा देकर महिला दुराचार के मामले में पुलिस ने आरोपी पिंद्र सिंह को गिरफ्तार किया है। पीड़ित महिला ने 6 अप्रैल 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी पिंद्र सिंह ने शादी का झांसा देकर उससे दुराचार करने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को काबू किया है। अब उसे जेल भेज दिया गया है।

### आरोपी को किया जांच में शामिल

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज सड़क दुर्घटना के मामले में पुलिस ने आरोपी अक्षय को शामिल जांच किया है। गांव जमाल माजरा के सलिंद्र सिंह ने 14 मार्च 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि गांव सिरसगढ़ के पास आरोपी कार चालक ने उसके पुत्र को टक्कर मार कर घायल कर दिया था। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### छात्राओं को मतदान के बारे किया जागरूक

**बराड़ा।** एसएमएस गर्ल्स कॉलेज में मतदान के बारे में जागरूकता अभियान चलाया गया। इसमें प्रिंसिपल डॉ. इंदू विज के नेतृत्व में कॉलेज छात्राओं को मतदान के बारे में जागरूक किया गया। उन्होंने कॉलेज की लड़कियों को कहा कि वह सब अपने मत का अवश्य प्रयोग करें तथा ऐसी सरकार चुने जो देश के विकास में कारगर हो।

## प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष ने भाजपा सरकार पर बोला हमला

# रिपोर्ट कार्ड दिखाने के बजाय धर्म की राजनीति करने पर लगे मोदी

**रोहित जैन ने जन संपर्क अभियान के तहत सोमवार को अंबाला शहर के जैन नगर वासियों से संवाद किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। लोगों से संवाद करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष एडवोकेट रोहित जैन व अन्य।

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मेनिफेस्टो कमेटी के सदस्य पूर्व कोषाध्यक्ष रोहित जैन ने जन संपर्क अभियान के तहत सोमवार को अंबाला शहर के जैन नगर वासियों से संवाद किया। जैन ने कहा की आज भाजपा सरकार को केंद्र मे दस वर्ष हो गए है लेकिन अब दस वर्ष बाद भी प्रधान मंत्री मोदी अपनी सरकार की उपलब्धियां बताने व रिपोर्ट कार्ड दिखाने की ब्जाय धर्म की राजनीति करने पर लगे हुए हैं। हालात यह है की भाजपा जितना मर्जी 400 पार का नारा लगा ले लेकिन असलियत मे भाजपा की हालत खस्ता है । उन्होंने कहा कि कांग्रेस द्वारा जो न्याय पत्र के रूप मे क्रांतिकारी घोषणा पत्र जारी किया गया है वह दिखाता है की कॉँग्रेस की प्राथमिकता क्या है। कांग्रेस के घोषणा पत्र को देखकर विरोधी भी कह रहे है की यह बहुत ही व्यापक दृष्टिकोण वाला घोषणा पत्र है। कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र मे युवा न्याय मे हर शिक्षित युवा को एक लाख रुपए की अप्रेंटिसशिप का अधिकार, तीस लाख सरकारी नौकरियां, पेपर लीक से मुक्ति, गिग वर्कर के लिए बेहतर कामकाजी नियम और सम्पूर्ण सामाजिक सुरक्षा और युवाओं के लिए पांच हजार करोड़ रुपए का नया स्टार्ट-अप फंड की घोषणा की है, नारी न्याय मे गरीब परिवार की एक महिला को हर वर्ष एक लाख रुपए, केंद्र सरकार की नई नौकरियों में 50% महिला आरक्षण, आशा, मिड डे मील और आंगनवाड़ी वर्कर्स को ज़्यादा सैलरी दोगुने सरकारी योगदान से, महिलाओं को कानूनी हक़ और सरकारी योजनाओं की जानकारी देने वाली एक अधिकार-सहेली हर पंचायत में, कामकाजी महिलाओं के लिए दोगुने हॉस्टल, किसान न्याय मे एमएसपी की कानूनी गारंटी स्वामीनाथन फॉर्मूले के साथ, क़र्ज़ माफ़ी प्लान प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए परमानेंट आयोग, फसल नुकसान पर 30 दिन के अंदर सीधे खाते में पैसा ट्रांसफर, आयात-निर्यात नीति - किसानों की सलाह से नई इंपोर्ट-एक्सपोर्ट पॉलिसी बनेगी, किसानी के लिए जरूरी हर चीज से जीएसटी हटेगी, श्रमिक न्याय में दैनिक मजदूरी कम से कम 400 रुपए जो मनरेगा में भी लागू होगी, सभी श्रमिकों का 25 लाख रुपए का हेल्थ-कवर, शहरों के लिए भी मनरेगा जैसी नई योजना, असंगठित मजदूरों के लिए जीवन और दुर्घटना बीमा, सरकारी कार्यों में कांट्रैक्ट सिस्टम मजदूरी बंद, हिस्सेदारी न्याय में सामाजिक व आर्थिक समानता के लिए हर व्यक्ति हर वर्ग की गिनती, संवैधानिक संशोधन द्वारा 50% सीमा हटाकर एससी,एसटी व ओबीसी को आरक्षण का पूरा हक, जितनी एससी व एसटी जनसंख्या, उतना बजट; यानी ज़्यादा हिस्सेदारी, वन अधिकार क़ानून वाले पट्टों का 1 साल में फैसला व कांग्रेस उन बस्तियों को अनुसूचित क्षेत्रों में अधिसूचित करेगी जहां आदिवासी सबसे बड़ा सामाजिक समूह हैं आदि पर विशेष बल दिया है। इस अवसर पर वरिष्ठ कॉँग्रेस नेता तरुण चुघ, पवन सोनी, राजीव जैन, एडवोकेट दविंद्र सांगवान, एडवोकेट संदीप शर्मा , एडवोकेट गौरव कुकरेजा, एडवोकेट अनमोल सैनी, एडवोकेट शुभम अग्रवाल, राजन मेहंदीरता, रोहित गर्ग, अजय गौड़ , रिंकू कंबोज, नमन जैन, उमेश छाबड़ा, उज्ज्वल गर्ग भी मौजूद थे।



बराड़ा। मैराथन को शुरू करने के लिए हरी झंडी दिखाते हुए।

## पांच किमी पुरुष वर्ग में रोहित बत्रा ने बाजी मारी

- महिला वर्ग में अस्मिता भारद्वाज रही अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन-मेडिकल स्टूडेंट्स नेटवर्क, सेवा ट्रस्ट यूके (भारत), एक सोच नई सोच व अन्य एनजीओ के संयुक्त तत्वाधान में महर्षि मार्कंडेश्वर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च, मुलाना के परिसर में मैराथन दौड़ और अन्य खेल गतिविधिओं का आयोजन किया गया। मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार थीम वाले इस आयोजन की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. बीके. अग्रवाल द्वारा की गई। मुख्य अतिथि के रूप में आईएमए यमुनानगर से डॉ. विक्रम भारती ने शिरकत की। डॉ. भारती ने कहा कि प्रत्येक प्रतिभागी विजेता है, जिसने इस कार्यक्रम में भाग लेकर अच्छे स्वास्थ्य के अपने मौलिक अधिकार का प्रयोग किया है । उन्होंने स्वास्थ्य की समग्र प्रकृति पर जोर देते हुए मानसिक और शारीरिक दोनों तरह के कल्याण को बनाए रखने के महत्व पर भी चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में नव्या खन्ना और अर्नवी रौथाण प्रमुख आयोजकों ने संपूर्ण आईएमए-एमएसएन राज्य परिषद और समर्पित स्वयंसेवकों के साथ महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आईएमए-हरियाणा के अध्यक्ष डॉ. अजय महाजन, आईएमए के सचिव डॉ. धीरेंद्र सोनी, आईएमए-एमएसएन की राज्य अध्यक्ष डॉ. पुनिता हसीजा और आईएमए से डॉ. राजीव गुप्ता द्वारा अथक समर्थन और मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस भव्य सफलता के सूत्रधार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मैराथन दौड़ में 5 किमी पुरुष वर्ग में रोहित बत्रा, महिला वर्ग में अस्मिता भारद्वाज, पीजी और फैकल्टी वर्ग में डॉ. परकित सिंह और 2 किमी में शीर्ष 3 विजेता शिवम, प्रियांक और डॉ. फरीद असलम रहे। प्राचार्य डॉ. बीके. अग्रवाल ने सभी सम्मानित सह-प्रायोजकों के प्रति अपना हार्दिक आभार व्यक्त करते हुआ कहा की जिनके उदार समर्थन ने इस आयोजन को संभव बनाया। इस अवसर सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) के स्टेट कोऑर्डिनेटर, सदस्य तुषार बक्शी, नवीन गुप्ता, वीरेंद्र सिंह ने अपनी सह-प्रायोजक कंपनी के सभी प्रतिभागियों और टीम के सदस्यों को ऊर्जा वर्धक जूस पेक उपहार स्वरूप भेंट किए।

## पहले दिन 270 क्विंटल गेहूं की खरीद

- नौ किसान पहले दिन मंडी में लेकर पहुंचे थे फसल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़



नारायणगढ। गेंहू की सरकारी खरीद करते अधिकारी।

अनाज मंडी में सोमवार से गेंहू की सरकारी खरीद शुरू हो गई। खरीद एजेंसी खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने मंडी में से 270 क्विंटल गेंहू की खरीद की। मार्केट कमेटी के सचिव अखिलेश शर्मा ने बताया कि सोमवार को क्षेत्र के 9 किसान अपनी गेंहू की फसल लेकर मंडी में बेचने आए थे। इनमें से 8 किसानों की गेंहू जो कि बिल्कुल सूखी थी। खाद्य एवम आपूर्ति विभाग ने सरकारी दर 2275 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीद लिया। उन्होंने बताया कि गेंहू की एक ढेरी में ज्यादा नमी होने के चलते उसकी खरीद नहीं की गई। बता दें कि प्रदेश सरकार ने अनाज मंडी में गेंहू की सरकारी खरीद करने का जिम्मा खाद्य एवं आपूर्ति विभाग तथा हैफेड को दिया है। सोमवार,बुधवार, वीरवार तथा शुक्रवार को खाद्य एवं आपूर्ति विभाग गेंहू की सरकारी खरीद करेगा तथा मंगलवार व शनिवार को सरकारी खरीद का जिम्मा सरकारी एजेंसी हैफेड को दिया गया है।

## कुरान शरीफ मुकम्मल होने पर सजाई जश्न-ए-कुरान की महफिल

- इफ्तार पार्टी का भी आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला





अंबाला। कुरान शरीफ मुकम्मल होने पर एक दूसरे को बधाई देते मुस्लिम व इफ्तार पार्टी में शामिल लोग।

अंबाला शहर की रणजीत नगर स्थित बादशाही मस्जिद में सोमवार को रमजान की 27वीं तारीख को तरावीह में कुरान शरीफ मुकम्मल हो गया। इस सिलसिले में जश्न-ए-कुरान की महफिल सजाई गई। मदरसा गौसिया रजवीया फैजाने तवक्कल शाह से जुड़े हाफिज इरफान अली ने कुरान सुनाया। इसी दिन रजा-ए-मुस्तफा वेलफेयर सोसाइटी के उपाध्यक्ष मोहम्मद फारूक व जनरल सैकेटरी मो. नौशाद की तरफ से इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। तरावीह के बाद नात-ओ-मनकबत पेश की गई। इस दौरान इमाम बादशाही मस्जिद मौलाना अंसार अहमद रजा ने रोजा, नमाज ओर परहेजगारी पर जोर दिया। रमजान की फजीलत भी बयां की। आखिर में फातेहा व सलाम के साथ महफिल मुकम्मल हुई। इस दौरान रजा-ए-मुस्तफा वेलफेयर सोसाइटी के प्रधान मेराज आलम ने बताया कि कमेटी की तरफ से तरावीह में कुरान सुनाने वाले हाफिज इरफान अली को तोहफे में उमरा का टिकट दिया गया।

## नशीली दवाई छिड़क कर नौकर-नौकरानी घर से कीमती गहने चोरी कर फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

घर के काम पर रखे नौकर-नौकरानी सोते हुए परिवार पर नशीली दवा का छिड़काव करके लाखों रुपए के जेवर चोरी कर फरार हो गए। घटना अंबाला कैंट के ऐलान बाइलेन की है। नौकर-नौकरानी को कुछ दिन पहले काम पर रखा था, तीसरे दिन रात को चोरी की वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। दोनों आरोपियों को रखने से पहले पुलिस जांच नहीं कराई थी। चोरी की वारदात के बाद मकान मालिक ने पुलिस को शिकायत दी है। अंबाला कैंट के ऐलन बाइलेन के लोकेश आनंद ने बताया कि उसने 4 अप्रैल को अपने घर पर काम करने के लिए नौकर और नौकरानी को रखा था। नौकर ने अपना नाम सुरेंद्र लाल बताया था और महिला ने अपना नाम सुखविंदर कौर बताया। मकान मालिक को दोनों ने बताया था कि वे पटियाला के महिंदर नगर के रहने वाले हैं। दोनों को 4 अप्रैल को रखा था और 6 अप्रैल की रात को वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। शिकायतकर्ता ने बताया कि रात को नौकर व नौकरानी ने उसके, उसके भाई साहिल, माता रमेश आनंद व पत्नी ज्योति आनंद पर सोते हुए किसी नशीली दवा का छिड़काव कर दिया। शिकायतकर्ता ने बताया कि रसोई की जाली काटकर अंदर घुसे और उसकी माता के गले में पहनी सोने की चैन (जिसमें डायमंड व गोल्ड पैंडल था) उतार कर ले गए।

## पोस्टर मेकिंग में मनप्रीत ने मारी बाजी

- प्रेरणा को मिला दूसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। प्रतियोगिता में हिस्सा लेते हुए छात्र।

एमडीएसडी कॉलेज के रोड सेफ्टी क्लब द्वारा सड़क सुरक्षा विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कॉलेज के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य था जीवन बचाना मूल्यवान जीवन के बारे में विद्यार्थियों को शिक्षित, संवेदनशील व जानकार बनाना था। दुर्घटनाओं के कर्म को कम करना तथा सड़क दुर्घटनाओं के परिणामस्वरूप होने वाली मृत्यु और चोटों को कम करना और सड़क के बुनियादी ढांचे को सुरक्षित और अधिक कुशल बनाना है। प्रतियोगिता में बीए सेकेंड यीअर की मनप्रीत प्रथम स्थान पर रही। बीए फर्स्ट यीअर की प्रेरणा द्वितीय स्थान पर रही। बीए फर्स्ट यीअर की अंजलि तृतीय स्थान पर रही। कॉलेज की कार्यवाहक प्रिंसिपल कर्मजीत कौर ने इस प्रतियोगिता की आयोजक डॉ. कौशल चौहान व डॉक्टर मंजू तोमर को सफल संचालन पर बधाई दी तथा भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया।

## हाथापाई के दौरान धक्का लग गिरे व्यक्ति की हार्ट अटैक से मौत

- मृतक की पत्नी की शिकायत पर दो लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज
- बेटी से चैटिंग करने पर खफा हो कर आरोपित पहुंचे थे मृतक के घर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हाउसिंग बोर्ड में घर में घुस कर हाथापाई के दौरान धक्का लग कर गिरे मकान मालिक की हृदयगति रूकने से मौत हो गई। सिविल लाइन थाना पुलिस ने मृतक की पत्नी की शिकायत पर दो लोगों के खिलाफ हत्या समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हाउसिंह बोर्ड कालोनी निवासी रविंद्र (48) को संदिग्ध हालात के चलते गंभीर हालात मे नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हृदय गति रूकने से हो गई। घटना की सूचना पाकर सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। मृतक की पत्नी अनीता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस अर्बन एस्टेट निवासी अमित व एक अन्य व्यक्ति उनके घर पर आए। अमित ने कहा कि उसका बेटा जतिन उसकी बेटी से चैटिंग करता है। अमित तथा उसके साथ आए व्यक्तियों ने उसके बेटे के साथ मारपीट शुरू कर दी। जब उन्होंने अपने बेटे को बचाने की कोशिश की तो आरोपितों ने उसके पति रविंद्र को धक्का मार दिया।

## किसानों ने रेल रोको आंदोलन किया स्थगित

**अंबाला।** संयुक्त किसान मोर्चा गैर राजनीति और किसान मजदूर मोर्चा ने कल 9 अप्रैल को रेल रोको आंदोलन को एक दिन के लिए स्थगित कर दिया है। दोनों मोर्चों ने पटियाला में पंजाब सरकार के साथ हुई बातचीत के बाद यह फैसला लिया है। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने यह जानकारी दी है। पंधेर ने कहा कि हरियाणा सरकार भी बातचीत करने को तैयार है। रेलवे को आंदोलन 1 दिन के लिए स्थगित किया जाता है। 10 अप्रैल को किसान शंभू बॉर्डर पर ट्रेनों को रोकेंगे। बता दें की युवा किसान नेता नवदीप सिंह जलबेहड़ा समेत अन्य किसानों की रिहाई के लिए किसानों ने रेलवे को आंदोलन का ऐलान किया हुआ है। शंभू बॉर्डर पर आंदोलन की अगुआई कर रहे पंजाब के किसान नेता सरवण सिंह पंधेर समेत 4 किसान नेताओं को तमिलनाडु में गिरफ्तार कर लिया था। शनिवार को ही किसान नेता सरवण सिंह पंधेर, गुरमीत सिंह मांगट, मनजीत सिंह राय व हरविंदर सिंह मसानिया तमिलनाडु पहुंचे थे।

**हरिभूमि**

**आवश्यक सूचना**

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## हत्या के प्रयास में आरोपी जांच में शामिल

**अंबाला।** थाना अम्बाला छावनी में दर्ज सरकारी कार्य को बाधित कर हत्या के प्रयास व कोविड-19 महामारी को फैलने से रोकने हेतू लॉकडाउन के नियमों की अवहेलना करने के मामले में पुलिस ने आरोपी सोनू को शामिल जांच किया है। इस मामले में संलिप्त 14 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।9 मई 2020 को डेहा कॉलोनी में आरोपी अशोक, रोहित, मानव, भारत, आजाद, नीरज, मदन, श्याम, किशन, विपिन सूरज, उर्फ रघु, राजन, प्रवीण, नरेश, सन्नी, राजेश, मुकेश, कमल, बिल्ला, मोनू, गोपी, साहिल, मानव, मोंटी, सुनील व अन्य 20/25 ने कोविड-19 से बचाव हेतू कानून एवम व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्य कर रहे पुलिस दल से झगड़ा कर सरकारी कार्य को बाधित करते हुए पत्थर व बोतलों द्वारा हमला करने का अपराधिक कार्य किया था।

## सुर संगम वेलफेयर सोसायटी की ओर से आयोजित हुआ रंगारंग कार्यक्रम

# उभरते गायकों ने बिखेरा आवाज का जादू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा



बराडाद्ध कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले गायकों को सम्मानित करते हुए मुख्यअतिथि।

सुर संगम वेलफेयर एंड कल्चरल सोसायटी की ओर से म्यूजिकल सिंगिंग कांटेस्ट का आयोजन किया गया। सुरों के रंग रफी के संग कार्यक्रम में गायकों ने अपनी कला प्रदर्शन कर खुब तालियां बटोरी। गायकों द्वारा प्रस्तुत गीतों ने ऐसा समां बांधा कि श्रोताओं ने इस कार्यक्रम का जमकर आनंद लिया। इस मौके पर विभिन्न स्थानों से आए गायको ने अपनी मधुर वाणी में मोहम्मद रफी, लता मंगेशकर, आशा भोसले के गीत गाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. कुलदीप शर्मा व विशिष्ट अतिथि पिंटू राणा ने सुरों की देवी मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया। कार्यक्रम में लगभग 50 प्रतिभागियों ने अपनी गायकी का प्रदर्शन किया। ओम प्रकाश पुरी ने 'दूर रहकर न करो बात करीब आ जाओ, सुनील कुमार ने तूं इस तरह से मेरी जिंदगी में शामिल है, अलका वर्मा ने जा रे जा ओ हरजाई देखी तेरी दिलदारी, मनोज पाहवा ने जन्म-जन्म का साथ है तुम्हारा हमारा गीत गाकर उपस्थित लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में परमजीत ने मेरे दुश्मन तू मेरी दोस्ती को तरसे गीत गाकर पहला स्थान हासिल किया, जबकि दूसरा स्थान लवली के पुकारता चला हूं मैं गीत को मिला और तेरे नाम का दीवाना गीत गाकर संजीव रोहिल्ला तीसरे स्थान पर रहे। इसी श्रृंखला में महिला वर्ग में पहला स्थान ट्विंकल को एक राधा एक मीरा गीत गाने के लिए मिला जिसे सुनकर दर्शकों ने बहुत वाहवाही की। दूसरा स्थान नेहा को तीसरा स्थान सुनीता को दिल चीज क्या है आप मेरी जान लीजिए गीत को मिला। कार्यक्रम संयोजक जय प्रकाश वर्मा ने सभी गायको का मनोबल बढ़ाने का अवसर प्रदान करने के लिए स्थानीय निवासियों का धन्यवाद किया।समाजसेवी हनी पाहवा ने प्रतियोगिता में पहला दूसरा तीसरा स्थान हासिल करने वाले प्रतिभागियों को 2100, 1100 और 500 भेंट स्वरूप दिए।